Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding grant of compensation to farmers for crop damage due to untimely rainfall in Gadhchiroli Parliamentary Constituency.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने का मौका दिया । महाराष्ट्र में मेरा संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर है, जो देश का शायद सबसे बड़ा एवं घना आदिवासी बहुल, नक्सल प्रभावित, अविकसित और उद्योग रहित क्षेत्र है । मेरे संसदीय क्षेत्र में गड़चिरोली, चंद्रपुर और गोंदिया तीन जिले आते हैं । तीनों जिलों में पिछले नवम्बर महीने में भारी वर्षा होने से फसलों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है । कपास, तूर, चावल, सोयाबिन आदि फसलों का नुकसान हुआ है, जिसके कारण किसान संकट में आ गए हैं । पहले से ही करोना का संकट है और अब फसलों के नुकसान होने का संकट है । इससे किसानों में भविष्य में अपने बच्चों की शादी, पढ़ाई और उनके पालन-पोषण करने की चिंता उत्पन्न हो गई है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जिन किसानों का नुकसान हुआ है, हजारों हेक्टेयर किसानों की खेती का नुकसान हुआ है, उनका तुरंत सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए । उनकी मांग है कि प्रति एकड़ 10 हजार रुपये और प्रति हेक्टेयर 25 हजार रुपये दिया जाना चाहिए । मेरी एक और मांग है कि केंद्र सरकार के माध्यम से टीम भेजकर उनका सर्वे और पंचनामा किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : खंडवा संसदीय क्षेत्र से नए सदस्य चुनकर आए हैं । वे भी पहली बार बोलना चाहते हैं ।

श्री ज्ञानेश्वर पाटिल जी ।